कार्निवाल में दिखा तकनीकी कौशल

कानपुरः पूर्णचंद्र विद्यानिकेतन में कंप्यूटर कार्निवाल-2020 हुआ। इसमें कानपुर व लखनऊ के नौ स्कूलों ने तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल आजाद नगर की टीम विजयी रही, दूसरा स्थान जागरण पब्लिक स्कूल लखनऊ को मिला जबकि तीसरा स्थान सर पदमपत सिंघानिया एजुकेशन सेंटर ने प्राप्त किया। प्रधानाचार्या शोभना मुखर्जी ने कहा कि इससे छात्रों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। कार्निवाल में सॉफ्टस्ट्रक्ट, एचए स्केच, थ्रीडी, आइटी क्विज व एक्सट्रीम परस्यूट प्रतियोगिताएं हुईं।